**फैलता संक्रमण** • गंभीर लक्षण नहीं होने से फीवर क्लिनिक तक कम लोग पहुंच रहे हैं

# जनवरी के 22 दिन में 10 गुना बढ़ा कोरोना, शुरुआत में 15 पॉजिटिव, अब 150 मिल रहे

## रोज 1200 सैंपल लेना हैं, इस महीने 15 दिन ही ऐसा हुआ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आप बाजार में घूम रहे हैं, तो मास्क जरूर पहनें। भीड़ में जाने से बचे और सैनिटाइजेशन का ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे शहर में संक्रमण बढ़ रहा है। आंकड़ों पर ना जाएं, क्योंकि भले 140 से 150 पॉजिटिव निकल रहे हैं। अभी कम संख्या में लोग फीवर क्लिनिक पहुंच रहे हैं। कारण है लोगों को गंभीर लक्षण नहीं होना। जनवरी की शुरुआत में जितने सैंपल में 14 या 15 पॉजिटिव निकल रहे थे। अब उतने ही सैंपल में 150 के आसपास पॉजिटिव मिलने लगे हैं। यानी संक्रमण दर बढ़ गई है।

हमारे शहर में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। इस बार कोरोना का नया रूप देखने को मिल रहा है। पॉजिटिव लोगों में सिर्फ सर्दी-खांसी जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। इसमें कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें कोई लक्षण नहीं दिख रहे। फीवर क्लिनिक में आने वाले लोगों की ज्यादा संख्या नजर नहीं आ रही। जबकि, दूसरी लहर में आलम ऐसा था कि सैंपल देने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी थी।

## इधर, सरकारी स्कूल लग रहे जबकि निजी स्कूल बंद हैं



सीएम ने 31 जनवरी तक स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इसके बाद प्राइवेट स्कूल बंद है। सरकारी स्कूल के शिक्षक कोरोना संक्रमण के बीच बच्चों को पढ़ा रहे हैं। विनोबा स्कूल के बच्चों को पास के मंदिर में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। बंद करने के आदेश जारी है। मप्र प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपेश ओझा ने बताया सरकार द्वारा दोहरी नीति अपनाई जा रही है। एक तरफ स्कूल बंद करने के आदेश हैं, वहीं सरकारी स्कूलों के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इनके शिक्षक मोहल्लों में जाकर पढ़ा रहे हैं। कई जगह तो स्कूल लग रहे हैं। जब सरकारी स्कूल चल रहे हैं तो निजी स्कूल से सरकार को क्या आपत्ति है। निजी स्कूल भी खुलना चाहिए।'

## 5 जनवरी तक संक्रमण दर 1.09 प्रतिशत थी वो 16.58 प्रतिशत पर पहुंची

- जनवरी के शुरुआती 5 दिन में 5 जनवरी को 14 पॉजिटिव मिले थे। उस दिन 1283 सैंपल हुए थे। संक्रमण दर 1.09% बनी हुई थी।
- अब तक सर्वाधिक पॉजिटिव 20 जनवरी को 150 मिले हैं। इस दिन 1078 लोगों के सैंपल हुए। संक्रमण दर भी 13.91% रही।
- 15 जनवरी के बाद से ही 100 से ज्यादा पॉजिटिव ही मिल रहे, जबकि, सैंपल 1200 के आसपास ही हो रहे हैं।
- 16 जनवरी को तो सिर्फ 609 सैंपल में से 101 पॉजिटिव निकल गए थे। संक्रमण दर 16.58% थी।

## जनवरी में 15 दिन ही 1200 से ज्यादा सैंपल लिए

| दिनांक | सैंपल | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 1 जनवरी | 1062 | 0 |
| 2 जनवरी | 887 | 2 |
| 3 जनवरी | 1276 | 1 |
| 4 जनवरी | 1265 | 2 |
| 5 जनवरी | 1283 | 14 |
| 6 जनवरी | 1559 | 12 |
| 7 जनवरी | 1060 | 24 |
| 8 जनवरी | 2037 | 48 |
| 9 जनवरी | 1305 | 44 |
| 10 जनवरी | 1225 | 43 |
| 11 जनवरी | 1494 | 47 |
| 12 जनवरी | 1244 | 62 |
| 13 जनवरी | 1286 | 66 |
| 14 जनवरी | 1261 | 98 |
| 15 जनवरी | 1200 | 101 |
| 16 जनवरी | 609 | 101 |
| 17 जनवरी | 847 | 108 |
| 18 जनवरी | 1597 | 118 |
| 19 जनवरी | 1343 | 141 |
| 20 जनवरी | 1078 | 150 |
| 21 जनवरी | 1367 | 140 |
| 22 जनवरी | 1425 | 137 |
| 23 जनवरी | 1174 | 149 |

दै. भास्कर 25/1/22

कार्रवाई

# गंदगी करने पर नगर निगम ने 4 दुकानें 24 घंटे के लिए सील की

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में अब तक कारोबारियों द्वारा शहर में गंदगी करने पर अर्थदंड लगाया जाता था, अब इससे आगे बढ़कर दुकानों को सील करना नगर निगम ने शुरू कर दिया है। सोमवार को चार दुकानें 24 घंटे के लिए सील की गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया करने पर अशोक कुमार चांदनी चौक पर 3000, आनन्द श्री महू रोड पर 1500, राम मोहन सज्जन मिल रोड व धर्मेन्द्र बरबड़ रोड पर 1000-1000 रूपये का जुर्माना कर 24 घन्टे के लिए दुकाने सील की गई। इसके अलावा गायत्री टॉकिज क्षेत्र में गंदगी करने पर धर्मेन्द्र पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया।इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 17 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की चेतावनी के साथ किया गया।

पत्रिका

पत्रिका २५/१/२२

## गंदगी करने पर 3 दुकानें सील, 12 पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत रविवार को 3 दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर 24 घन्टे लिए दुकानें सील कर जुर्माना किया गया। गंदगी करने पर विश्वमंगल दूध डेरी राम मंदिर पर 2000, राठौर रेस्टोरेंट नाहरपुरा पर 1000 व महालक्ष्मी रेस्टोरेंट शहर सराय पर 500 रुपए का जुर्माना कर 24 घन्टे के लिए दुकानें सील की गई। इसके अलावा एक पिकअप वाहन द्वारा खुले मे सब्जी फेंकने पर वाहन को जब्त किया गया। नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मॉस्क वाले 12 व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाइन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई। स्वदेश

स्वदेश २५/१/२२

# गंदगी करने पर 3 दुकानें 24 घन्टे के लिये सील

## मास्क नहीं लगाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

**नागरिक अनिवार्य रूप से मास्क लगायें**

**गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें**

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रषासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 23 जनवरी को 3 दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर 24 घन्टे लिये दुकानें सील कर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार गंदगी करने पर विष्वमंगल दूध डेरी राम मंदिर पर 2000, राठौर रेस्टोरेंट नाहरपुरा पर 1000 व महालक्ष्मी रेस्टोरेंट षहर सराय पर 500 रूपये का जुर्माना कर 24 घन्टे के लिए दुकाने सील की गई। इसके अलावा एक पिक अप वाहन द्वारा खुले में सब्जी फेंकने पर वाहन को जब्त किया गया।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 12 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि षहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, श्री किरण चौहान मो.नं. 7471144932, श्री विनय चौहान मो.नं. 8770535145, श्री विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाष चिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेष ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २५/१/२२

# जुए-अड्डे वालों की खैर नहीं...

**रतलाम, नप्र। सट्टा और जुआ के अड्डे चलाने वाले जुआरियों और सटोरियों के मकान दुकान और गुमटी ढहाने के बाद प्रशासन का बुलडोजर कल रविवार भी चलता रहा।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार रात से ही बदमाशों और सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। कल जयभारत नगर में रईस उर्फ कालू का मकान ढहाने के बाद प्रशासन की टीम जेसीबी मशीन और पूरी टीम के साथ धानमंडी पहुंची। प्रशासन को यहां जहां पर कार्रवाई करना थी वहां जेसीबी को जाने की जगह नहीं मिल इस पर नगर निगम की कब्जा हटाओ टीम ने घन-हथोड़े से मकान को तोड़ने की कार्रवाई की।

अवैध कारोबारियों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। टीम ने रविवार दोपहर को जयभारत नगर से कार्रवाई प्रारंभ की। इसके बाद अमृतसागर रोड श्रीनगर और टाटानगर में प्रशासन के बुलडोजर ने मकान को तोड़ने की कार्रवाई की। कार्रवाई दौरान एएसपी इंद्रजीत बाकलवार, सीएसपी हेमंत चौहान, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, तहसीलदार गोपाल सोनी, डीएसपी शीला सुराना सहित कई थाना क्षेत्रों के प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। जय भारत नगर के बाद प्रशासन की टीम संसाधनों के साथ कल जब अमृतसागर की ओर दिखाई दी तो आसपास के लोग जानने को उतावले हो गए कि इस क्षेत्र में प्रशासन कहां और किसका मकान ढहाने को आया है। देखते ही देखते ही प्रशासन के साथ लोगों का भीड़ भी उमड़ने लगी। तोड़ने की कार्रवाई के लिए अमला जब टाटानगर पहुंचा तो वहां इतनी भीड़ जमा हो गई कि पुलिस जवानों को बार-बार भीड़ को भगाने के लिए मशक्कत करना पड़ी।

प्रभातकिरण २५/१/२२

# गति इतनी कमजोर की 3 माह में भी साफ नहीं हो जलकुंभी

**पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट**



**रतलाम @ पत्रिका.** शहर के अमृत सागर तालाब में जलकुंभी निकालने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। यहां की गति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक मात्र 20 प्रतिशत जलकुंभी ही निकाली जा चुकी है। ऐसे में अगले तीन माह में भी पूरी जलकुंभी निकालने का कार्य हो पाएगा, इसमे संदेह है। इन सब के बीच 3.70 करोड़ रुपए वाली गाद निकालने के कार्य की निविदा भी अब तक नहीं हुई है। इन सब के बीच अब तक पांच बार निगम आयुक्त यहां पर कार्य का निरीक्षण इसी माह कर चुके है।

दिसंबर माह में नगर निगम ने अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने के कार्य की शुरुआत की थी। असल में जब - जब शासकीय अवकाश होता है, तब - तब जलकुंभी निकालने का कार्य ठहर जाता है। इससे भी इसका कार्य प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं, मात्र एक मशीन से जलकुंभी निकाली जा रही है। शुरू में दावा किया गया था कि जलकुंभी से लेकर गाद को साथ - साथ निकाला जाएगा, लेकिन नगर निगम ने तीन बार गाद निकालने की निविदा निकाली व तीनों बार इसकी दर अधिक आने से टेंडर को निरस्त करना पडा। पत्रिका

## मोटर दे रही समस्या

निगम अधिकारियों के अनुसार अमृत सागार तालाब में कुछ लोगों ने सिंचाई के लिए अनाधिकृत रुप से पानी की मोटर डाली हुई है। कुछ दिन पूर्व निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने एक मोटर को जब्त भी किया था, ऐसे में पानी के अंदर मोटरों के पाइप डले हुए है वे भ जलकुंभी निकालने के कार्य म परेशानी का कारण बने हुए है। निग के सूत्रों के अनुसार इस बारे में आल अधिकारियों को बता दिया गया है इस मामले में बताया जा रहा है कि इसी सप्ताह वरिष्ठ अधिकारी कु बड़ा निर्णय ले सकते है। इसके बा जलकुंभी निकालने के कार्य में ग आ सकती है, लेकिन अब तक मात्र 20 प्रतिशत कार्य ही हुआ है।

## तेजी से करेंगे कार्य

अमृत सागर तालाब में से जलकुंभी निकालने का कार्य 20 प्रतिशत हो गया है। अगले ती माह में इस कार्य के पूरा करने के प्रयास किए जा रहे है। कार्य की गति बढ़ाने को कहा गया है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त न

पत्रिका 25/1/22



## माफियाओं, अपराधिक तत्वों के विरुद्ध रतलाम शहर में कार्रवाई लगातार जारी

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम शहर के गुंडों, माफियाओं और एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। रविवार को भी जुआ-सट्टा माफियाओं, अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके अवैध निर्माण तोड़े गए, मकानों पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अवैध निर्माण हटाए गए। कार्रवाई में जय भारत नगर, धानमंडी, टाटानगर, श्रीनगर क्षेत्रों में अवैध निर्माण तोड़े गए। प्रशासन द्वारा मुहिम लगातार जारी है। शनिवार को भी 13 अवैध निर्माण तोड़े गए थे कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

स्वतंत्र

स्वतंत्र लेखनी 25/1/22

## माफियाओं के अवैध निर्माण तोड़े

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शहर के गुंडों, माफियाओं और एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। रविवार को भी जुआ-सट्टा माफियाओं, अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके अवैध निर्माण तोड़े गए, मकानों पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी से अवैध निर्माण हटाए गए। कार्रवाई में जय भारत नगर, धानमंडी, टाटानगर, श्रीनगर क्षेत्रों में अवैध निर्माण तोड़े गए। प्रशासन द्वारा मुहिम लगातार जारी है। शनिवार को भी 13 अवैध निर्माण तोड़े गए थे कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

स्वदेश 25/1/22



# गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल हुई

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इंद्रजीत बाकलवार आदि उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटल बार तथा सभी मद्य भाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पूर्व संध्या पर होगा कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की संध्या 5.30 बजे जिला मुख्यालय पर भारत पर्व एवं आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन हेतु सीईओ जमुना भिड़े द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। नोडल अधिकारी का जिम्मा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश कुमार चौबे का रहेगा। गुलाब चक्कर (पुराने कलेक्ट्रेट) में बैठक की संपूर्ण व्यवस्था लाइट, माईक, कुर्सियां, स्टेज, फ्लेक्स, बैनर आदि के लिए जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है।

दबंग दुनिया 25/1/22

## निगरानी समिति की बैठक 27 जनवरी को

रतलाम। जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 27 जनवरी को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

## मतदाता दिवस 25 जनवरी को होगा

रतलाम । भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इंद्रजीत बाकलवार आदि उपस्थित रहे।

## 26 को शुष्क दिवस रहेगा

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटल बार तथा सभी मद्य भाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए

[illegible] २५/१/२२

## 8400 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार तक 8400 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## पांच सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत रविवार को महेंद्र-अशोक, संजय-पवन, रोहित-अमृतलाल, राहुल-राजकपूर व पंकज-फिरोज द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

## मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आज

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम होगा।

## जिला सतर्कता व निगरानी समिति की बैठक 27 को

रतलाम। जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 27 जनवरी को शाम पांच बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

[illegible] २५/१/२२

## गंदगी फैलाई, 4 दुकानें 24 घंटे के लिए सील

रतलाम | गंदगी फैलाने वाले दुकानदार और नागरिकों पर नगर निगम का अमला लगातार कार्रवाई कर रहा है। ऐसी ही चार और दुकानों को सोमवार को 24 घंटे के लिए सील कर दिया है। उन पर जुर्माना भी लगाया है। अशोक कुमार चांदनी चौक पर 3000 रुपए, आनंद श्री महू रोड पर 1500 रुपए, राम मोहन सज्जन मिल रोड, धर्मेंद्र बरबड़ रोड पर 1000 रुपए का जुर्माना किया। गायत्री टॉकरज क्षेत्र के धर्मेंद्र पर 500 रुपए का स्पॉट लगाया। इधर बिना मास्क वाले 17 व्यक्तियों से 100 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया।

## 5 सफाई मित्र अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | नगर निगम ने रात की सफाई शुरू कर दी, उसमें लगे कर्मचारियों की मनमानी पर लगाम नहीं लगी है। सोमवार को 100 सफाई मित्रों से 5 बिना अनुमति के ड्यूटी पर नहीं आए। रिपोर्ट मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एक दिन का वेतन काट दिया। सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस भी जारी किया है। कार्रवाई महेंद्र अशोक, संजय पवन, रोहित अमृतलाल, राहुल राजकपूर, पंकज फिरोज पर की। आयुक्त ने साफ कर दिया है कि जो सफाई मित्र लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहेगा, उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## मतदाता दिवस आज

रतलाम | मतदाता दिवस मंगलवार को मनाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे नए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम होगा।

दै. भास्कर २५/१/२२

## 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 23130, ट्रैक्टर-ट्राली से 12510, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17265, काम्पेक्टर गीला कचरा 24010 कुल 76915 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

[illegible] २५/१

# भारत पर्व आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

रतलाम. गणतंत्र दिवस की संध्या शाम 5.30 बजे जिला मुख्यालय पर भारत पर्व एवं आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। नोडल अधिकारी का जिम्मा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत महेश कुमार चौबे का रहेगा।


इसके अतिरिक्त गुलाब चक्कर (पुराने कलेक्ट्रेट) में बैठक की संपूर्ण व्यवस्था लाइट, माईक, कुर्सियां, स्टेज, फ्लेक्स, बैनर आदि के लिए जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है। आमंत्रण पत्र वितरण तथा माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का दायित्व अधीक्षक जिला पंचायत अशोक पंवार को सौंपा गया है। दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण की व्यवस्था आदि के लिए जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र एम.एल. सांसरी दायित्व सौंपा गया है। पत्रिका

पत्रिका २५/१/२२

# श्वान पालकों को अपने श्वान कराना होगा रजिस्ट्रेशन

रतलाम । नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम में निवासरत् ऐसे नागरिक जो कि अपने घरों में ष्वान पालते हैं उन्हे अब अपने ष्वान का रजिस्ट्रेषन कराना अनिवार्य होगा। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत ष्वान पालकों द्वारा अपने ष्वान को गले में बिना पट्टा डाले अथवा अन्य चिन्हों के बिना आवारा ष्वान की भांति छोड़ दिया जा ह तथा आम नागरिकों में भय का वातावरण निर्मित होता है ऐसे ष्वानों एवं ष्वान मालिकों के लिये नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत अनिवार्य किया गया है। श्वान पालक को नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत लायसेंस षाखा में प्रति ष्वान पंजीयन षुल्क रूपये 1000/- एवं लायसेंस षुल्क रूपये 500/- प्रति ष्वान तथा लायसेंस नवीनीकरण हेतु प्रतिवर्श 100/- रूपये जमा कराना होगा। ष्वान पालकों को अधिकतम् 2 ष्वान पालने की अनुमति प्रदान की जावेगी। नगर निगम द्वारा ष्वान पालकों से अपील की जाती है कि वे अपने ष्वान का रजिस्ट्रेषन नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत लायसेंस षाखा में अनिवार्य रूप से करावें तथा अपने ष्वान के गले में पट्टा डालकर रखें व अन्य पहचान चिन्ह लगावें। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 25/1/22



# गणतंत्र दिवस परेड का अभ्यास पूरा



रतलाम, नप्र। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के मुख्य समारोह में होने वाली परेड की तैयारी पुलिस परेड मैदान पर चल रही थी। परेड का अभ्यास पूरा होने पर आज सुबह डीआरपी लाइन मैदान पर फाइनल रिहर्सल की गई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत बाकलवार की मौजूदगी में परेड का आखिरी अभ्यास फूल ड्रेस में किया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पुलिस अधीक्षक के साथ परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण कर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में की जाने वाली परेड को मूर्तरूप दिया। रतलाम में झंडावंदन जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे। प्रभात...

प्रभातकिरण २५/१/२२

## 26 जनवरी परेड की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने 26 जनवरी को पुलिस लाइन में आयोजित परेड की फायनल रिहर्सल का सोमवार को निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 26 जनवरी को आयोजित ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, साथ ही परेड की सलामी लेंगे।



स्वदेश

स्वदेश 25/1/22



## गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल किया

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.इंद्रजीत बाकलवार आदि उपस्थित रहे। राज

राज एक्सप्रेस 25/1/22

# स्टेडियम मार्केट के पीछे के दुकानदार को वाद निराकरण तक स्टे मिला

रतलाम | स्टेडियम मार्केट के पीछे बनी निगम स्वामित्व की दुकानों को खाली करने के नगर निगम के नोटिस के विरुद्ध न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। अब वाद निराकरण तक के लिए दुकानदार को स्थगन मिला है।

निगम से दुकान खाली करने का नोटिस मिलने के बाद मोहम्मद फिरोज ने एडवोकेट देवेंद्र सिराधना गुर्जर के माध्यम से न्यायालय की शरण ली थी। उन्हें स्टे मिल गया था। वहीं, न्यायालय ने एक महीने या दावा दाखिल करने तक का समय दिया था। अब पंचम व्यवहार न्यायाधीश ने वाद के निराकरण के लिए नगर निगम के विरुद्ध स्थगन प्रदान किया है। इससे बड़ी राहत मिली है। एडवोकेट गुर्जर ने बताया वाद के निराकरण तक के लिए नगर निगम के खिलाफ स्थगन मिल गया है। गौरतलब है स्टेडियम के पीछे नगर निगम की इंदौर की 56 दुकान की तर्ज पर मार्केट बनाने की प्लानिंग है। निगम ने 53 दुकानदारों को दुकानें खाली करने के नोटिस जारी किए थे। इस मामले में न्यायालय ने दुकान नंबर 12 के दुकानदार को स्टे जारी किया था। भास्कर

दै. भास्कर २५/११/२२

# 35 लाख से बनने वाली रोड का भूमिपूजन



रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 11 में डोंगरे नगर ऑटो स्टेण्ड से पानी की टंकी शुभम परिसर तक बनने वाले मुख्यमार्ग का भूमि पूजन सोमवार को किया गया। इसकी लागत 35 लाख रुपये है, जिसमें नाली का निर्माण भी कराया जाएगा। भूमि पूजन का कार्य भाजपा मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय महेंद्र शर्मा, चेतन टांक, बलराम भट्ट, बंटी चौहान, हितेश सेन, मुकेश सोनी, हितेश सोनी, महेश डोडिया, सुरेश पुरोहित, मीना टांक एवं समस्त वार्ड के रहवासी मौजूद थे। पत्रिका

पत्रिका २५।१।२२

# सड़क निर्माण का भूमिपूजन



डोंगरेनगर मे सड़क निर्माण का भूमिपूजन करते हुए मयूर पुरोहित। •नईदुनिया

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से वार्ड -11 डोंगरे नगर आटो स्टैंड से पानी की टंकी शुभम परिसर तक बनने वाले मुख्य मार्ग का भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 35 लाख रुपये है। भाजपा मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने भूमिपूजन किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता महेंद्र शर्मा, चेतन टांक, संतोष लालवानी, जगदीश टांक, बलराम भट्ट, बंटी चौहान, हितेश सेन, मुकेश सोनी, हितेश सोनी, महेश डोडिया, सुरेश पुरोहित, रामप्रसाद राठौर, जितेंद्र जाट, अखिलेश भाटी, शुभम टाक, मीना टांक आदि मौजूद थे।

नईदुनिया २५।१।२२

# गंदगी करने पर चार दुकानें सील

## मास्क नहीं लगाने वाले 17 व्यक्तियों से वसूला जुर्माना



सज्जन मिल रोड क्षेत्र में दुकान सील करते हुए नगर निगम कर्मचारी। ● नईदुनिया

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सतत कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को चार दुकानदारों द्वारा गंदगी करने पर 24 घंटे के लिए दुकानें सील कर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर अशोक कुमार चांदनी चौक से 3000 रुपये, आनंद श्री महू रोड से 1500 रुपये, राम मोहन सज्जन मिल रोड व धर्मेंद्र बरबड़ रोड से 1000-1000 रुपये का जुर्माना वसूल कर 24 घंटे के लिए दुकानें सील की गई। इसके अलावा गायत्री टाकीज क्षेत्र में गंदगी करने पर धर्मेंद्र से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 17 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया २५/११/२२

# गणतंत्र दिवस कल : परेड की अंतिम रिहर्सल की



रतलाम | गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल सोमवार को हुई। पुलिस परेड ग्राउंड पर यह रिहर्सल हुई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, एडीएम एम.एल. आर्य, एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार उपस्थित थे। भास्कर

दै. भास्कर 25/1/22

# गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम रिहर्सल



पुलिस परेड ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल का जायजा लेते हुए अधिकारी। • नईदुनिया

रतलाम। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल पुलिस परेड ग्राउंड पर की गई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इंद्रजीत बाकलवार आदि उपस्थित रहे।

**विचक्षण विद्यापीठ में करेंगे झंडावंदन :** स्थानीय कोटा वाला बाग स्थित श्री विचक्षण विद्यापीठ हायर सेकंडर स्कूल में गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट केदार अग्रवाल और किरण दासोत के आतिथ्य में झंडावंदन किया जाएगा। संस्था कोषाध्यक्ष रवींद्र मालू व प्राचार्य एसएल गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में कोरोना प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

नईदुनिया 25/1/22

# 100 नए पाजिटिव केस, 108 स्वस्थ हुए

## कोरोना का कहर : क्षेत्र में एक्टिव मरीजों की संख्या 986 हुई

**रतलाम।** कोरोना की तीसरी लहर शहर से लेकर गांव-कस्बों में तेजी से पैर पसार रही है। प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए-नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। लगातार दसवें दिन सोमवार को 100 से ज्यादा पाजिटिव केस सामने आए। संक्रमितों की संख्या में वृद्धि से सभी की चिंता बढ़ती जा रही है। उधर, प्रशासन द्वारा कोरोना से बचाव के लिए हर संभव प्रयास करते हुए सख्ती बरती जा रही है।

रविवार को कोरोना के 150 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 108 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। इनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 986 है। जिले में अब तक 19271 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17974 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 1445 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।

**सतर्कता बरतने की समझाइश दी**

**करिया।** जिले मे कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। आसपास क्षेत्र में मिले संक्रमितों के साथ सोमवार को गांव में पहली कोरोना पाजिटिव की रिपोर्ट मिली। 60 वर्षीय महिला संक्रमित पाई गई। जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत सचिव लखन कमोदिया ने संबंधित परिवार से मिलकर होम आइसोलेशन करते हुए सतर्कता बरतने की समझाइश दी।



करिया में मिले संक्रमित के घर पर सूचना चस्पा करते हुए पंचायतकर्मी। ●नईदुनिया

### बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ

| तारीख | पाजिटिव | तारीख | पाजिटिव |
|---|---|---|---|
| 24 जनवरी | 150 | 19 जनवरी | 141 |
| 23 जनवरी | 149 | 18 जनवरी | 118 |
| 22 जनवरी | 137 | 17 जनवरी | 108 |
| 21 जनवरी | 140 | 16 जनवरी | 108 |
| 20 जनवरी | 150 | 15 जनवरी | 101 |

नईदुनिया 25/1/22